2

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज सोहनलाल पंवार बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार लूणी) सू.अ.अ. अपील संख्या 90 / 2019	नं0 व तारीख अहकान जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.06.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी सोहनलाल पंवार पता गांव धींगाणा पोस्ट गुडा विश्नाईयान तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 25.03.2019 में उसके द्वारा (1) मुझ नागरिक द्वारा दिनांक 26.10.18 को आपके कार्यालय की मेल आईडी **tdrlu-jod-rj@nic.in** पर संलग्न पत्र प्रेषित किया था, पर आपके कार्यालय से दिन प्रतिदिन हुई कार्यवाही से अगवत कराने व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना रिकॉर्ड पर उपलब्ध होने पर प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	